# ऑस्ट्रेलिया के विवि यूपी में बनाएंगे कैंपस

**तैयारी**


वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी कैंपस के लिए शुक्रवार को यूपी के साथ हुआ समझौता।

लखनऊ, विशेष संवाददाता। ऑस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी भारत में अपना पहला कैंपस यूपी के ग्रेटर नोएडा में बनाएगी। उत्तर प्रदेश सरकार और वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी (डब्ल्यूएसयू) ने पहला कैंपस स्थापित करने के लिए शुक्रवार को समझौता ज्ञापन को मंजूरी दी।

समझौता ज्ञापन पर उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डब्ल्यूएसयू की कार्यवाहक कुलपति प्रोफेसर डेबोरा स्वीनी ने हस्ताक्षर किए। मुख्य सचिव ने कहा कि डब्ल्यूएसयू ग्रेटर नोएडा में परिसर स्थापित करने वाला पहला विदेशी विश्वविद्यालय होगा। इसका परिसर पहले चरण में ग्रेटर नोएडा में वाणिज्यिक भवन में बनाने की योजना है। दूसरे चरण में ग्रेटर नोएडा में 7 एकड़ की विशाल भूमि पर एक पूर्ण विश्वविद्यालय परिसर विकसित किया जाएगा। ग्रेटर नोएडा में बनने वाला जेवर एयरपोर्ट निर्यात को बढ़ावा देगा और निर्बाध वैश्विक कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी का यह नोएडा कैंपस वैश्विक स्तर की शिक्षा और नवाचार लेकर आएगा, जिससे भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंध मजबूत होंगे। वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी दुनिया की शीर्ष 50 युवा विश्वविद्यालयों में शामिल हैं।